करने के लिये इससे पूर्व भी निदेश जारी किये गये थे; और

(घ) क्या सरकार ने इस कार्य के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही की है और मिलों द्वारा कमीशन के रूप में भुगतान की गई राशि को वसूल करने के लिए क्या प्रशासनिक कदम उठाए गए हैं?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अशोक गहलोत): (क) और (ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय वस्त्र निगम के अधीन किसी भी वस्त्र मिल ने रक्षा विभाग तथा अन्य सरकारी विभागों को कपड़े की सप्लाई के लिये एजेंट की नियुक्ति नहीं की है। इसलिए वर्ष 1989-90, 1990-91 तथा 1991-92 के दौरान ऐसे एजेंटों को कमीशन का भुगतान करने का प्रश्न नहीं उठता।

(ग) अगस्त, 1982 में सरकार ने राष्ट्रीय वस्त्र निगम को ऐसे अनुदेश जारी किये थे कि वह प्रत्यक्ष रूप से अथवा डी जी एस एन्ड डी के जरिए रक्षा विभाग तथा अन्य सरकारी विभागों से आर्डर प्राप्त करने तथा सप्लाई करने के प्रयोजन से बिचौलियों (एजेंटों) की नियुक्ति न करें।

(घ) चूंकि, एन० टी० सी० ने पिछले तीन वर्षों के दौरान किसी भी एजेंट की नियुक्ति नहीं की है इसलिए दोषी पाए गए अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई करने का प्रश्न नहीं उठता।

संयुक्त राष्ट्र संघ से भिन्न अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में भारत की भागीदारी

*440. **श्री छोटूभाई पटेल:**
श्री अजीत जोगी:

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) संयुक्त राष्ट्र संघ से भिन्न उन एजेंसियों/संगठनों का ब्यौरा क्या है जिनका भारत सदस्य है; और

(ख) ऐसे संगठनों को वित्तीय और वाणिज्यिक क्षेत्रों में क्या योगदान दिया गया है?

विदेश मंत्री (श्री माधव सिंह सोलंकी): (क) और (ख) यह जानकारी भारत सरकार के सम्बद्ध मंत्रालयों/विभागों से एकत्र की जा रही है और सदन की मेज पर रख दी जाएगी।

Non-Foreign Service Personnel serving as Ambassadors. High Commissioners etc.

4376. SHRI SURESH PACHOURI: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that many non-Indian Foreign Service persons arc serving as Ambassadors, High Commissioners and heads of diplomatic missions in many countries of the world:

(b) if so. what are the details thereof: and

(c) what criteria is adopted by Government for the appointment of such heads of diplomatic missions abroad?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI MADHAVSINH SOLANKI): (a) and (b) Following non-Indian Foreign Service Officers arc posted in various countries of the world:

1.	Dr. Arjun K. Sengupta	Belgium
2.	Mr. G.N. Mehra	Canada
3.	Mr. Diljit Singh Pannun	Ghana
4.	Mr. Kushok Bakula	Mangolia
5.	Dr. Bimal Prasad	Nepal
6.	Mr. J.F. Ribeiro	Romania
7.	Prof. C. Lakshmanna	Trinidad and Tobago
8.	Dr. L.M. Singhvi	United Kingdom
9.	Dr. Abid Hussain	United States of America

(c) Appointments of Ambassadors and High Commissioners are made by the Government of India at its discretion from amongst the officers of Indian Foreign Service or eminent non-officials, and public figures in the context of their experience, abilities and aptitude for diplomatic work.